CENTRAL UNIVERSITY OF ODISHA, KORAPUT

OFFICE OF THE PUBLIC RELATIONS

PRESS RELEASE, DATE: 12.12.2023

केंद्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट में आयोजन हुआ भारतीय भाषा उत्सव

भाषा संकाय, केंद्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट के द्वारा अकादमिक ब्लॉक 3 के सभागार में " भारतीय भाषा उत्सव" का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर सबसे पहले तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। विद्यार्थियों को उनके वृत्त चित्र दिखाया गया, जिससे वे कवि के समग्र जीवन से परिचित हो सके। अपने सम्बोधन के दौरान माननीय कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी जी ने भारत की बहुभाषिकता के महत्व को रेखांकित करते हुए युवा पीढ़ी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि " विकसित भारत बनाने में युवाओं को आगे आना होगा। बहुत सारी भाषाओं को सीखकर अपने आप को बहु आयामी बनाना होगा। हमारा बहुसांस्कृतिक भारत विकास की ओर कदम बढ़ा रहा है। हमें समर्पण और सेवा के साथ काम करने हैं।"

विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव तथा प्रोफेसर नृसिंह चरण पंडा ने अपने विस्तृत अनुभव को साझा करते हुए विद्यार्थियों को कवि सुब्रह्मण्य भारती को आदर्श मानने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाषा शिक्षण और संस्कृति संरक्षण हमारे ध्येय हों। संस्कृत भाषा के साथ ही सभी भारतीय भाषाओं का उत्थान तभी संभव है जब विद्यार्थियों में भाषा शिक्षण की रुचि जगेगी।

भारतीय भाषा उत्सव में बहुभाषी कविता आसर और मातृभाषा में हस्ताक्षर अभियान विशेष आकर्षण बने। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ रुद्राणी महांति, डॉ सत्यनारायण षढंगी, डॉ गणेश प्रसाद साहू, डॉ वीरेंद्र षढंगी और डॉ प्रदीप चंद्र आचार्य ने कवि सुब्रह्मण्य भारती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पक्षों को उजागर किया। सभागार में डॉ आलोक बराल, श्री सत्यव्रत मिश्र, डॉ सौम्य रंजन दाश, डॉ मयूरी मिश्र समेत शताधिक विद्यार्थी मौजूद थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ चक्रधर पधान ने किया।

डॉ. फगुनाथ भोई, जनसंपर्क अधिकारी